अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021

कक्षा - 11 वीं | विषय - लेखाशास्त्र

समय - 2.30 घंटे | Jew/2021/02 | पूर्णांक - 50

निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य है -

1) प्रश्न क्रमांक 1 से 9 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। उत्तर 1 शब्द या वाक्या का होना चाहिए।
2) प्रश्न क्रमांक 10 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक में 3 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 50 शब्द।
3) प्रश्न क्रमांक 15 एवं 19 लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक में 4 अंक निर्धारित है। (शब्द सीमा 75)
4) प्रश्न क्रमांक 20 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक पर 6 अंक निर्धारित है।
5) प्रश्न क्रमांक 25 से 26 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 8 अंक निर्धारित है।

प्र. 01- लेखांकन मानक किस संस्था द्वारा तैयार किये जाते हैं ?

प्र. 02- आधारभूत लेखा समीकरण दीजिए ?

प्र. 03- हम व्यवसाय की वित्तीय स्थिति किस प्रकार ज्ञात करते हैं ?

प्र. 04- जिन बहियों में सबसे पहले सौदों को लिखा जाता है, उन्हें क्या कहते हैं ?

प्र. 05- वर्ष के अंत में अनबिके माल को क्या कहते हैं ?

प्र. 06- पुस्तपालन का जन्मदाता किसे कहा जाता है ?

प्र. 07- दीर्घकाल तक उपयोग में आने वाली सम्पत्ति को क्या कहते हैं ?

प्र. 08- पुस्तपालन में किस प्रकार की घटनाओं को लिखा जाता है ?

प्र. 09- माल के सूची मूल्य में दी जाने वाली छूट को क्या कहते हैं ?

प्र. 10- उचन्त खाता कब खोला जाता है ?

प्र. 11- सम्पत्ति , दायित्व तथा आहरण को समझाइये ?

प्र. 12- डूबत ऋण क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

प्र. 13- खातों के प्रकार लिखिए ?

प्र. 14- व्यापारिक बट्टा एवं नकद बट्टा में अंतर लिखिए ?

प्र. 15- निम्न सौदों से लेखांकन समीकरण तैयार कीजिए -

1. रोकड़ से व्यापार शुरु किया - 180,000 रु.
2. किराया प्राप्त - 6000 रु.
3. उपार्जित किराया - 1500 रु.
4. अग्रिम प्राप्त कमीशन - 3000 रु.

प्र. 16- प्रशान्त ने 200000 रु. नकद, 170000 रु. का माल तथा 16000 रु. का फर्नीचर लगाकर 1 जनवरी 2017 को व्यापार आरम्भ किया। इस व्यवहार की नकल प्रविष्टि करके खतौनी कीजिए ?

प्र. 17- निम्नलिखित शेषों से 31-12-2017 को राजाराम की पुस्तकों में तलपट बनाईये -

क्रय 40,000 रु., विक्रय 65000, विज्ञापन 5000, प्रा. रहाँ तथा 15000 वेतन 10,000, फर्नीचर 5000, यंत्र 20000, देनदार 5000, लेनदार 9500, पूंजी 25,000, क्रय वापसी 500, अंतिम स्कंध 12000

प्र. 18- लेखांकन समीकरण बनाइये -

1) कुणाल ने 250000 रु. से व्यापार प्रारंभ किया ?
2) नकद फर्नीचर खरीदा - 35000 रु.
3) कमीशन भुगतान किया - 2000
4) उधार माल ख़रीदा - 40000
5) 20000 लागत के माल का नकद विक्रय - 26000

प्र. 19- मे. बंसल का विक्रय वापसी खाता तैयार कीजिए - अध्याय 5

2017

नवं. 4 मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स ने 1500 मूल्य का माल वापस किया।

नवं.10 हरीश ट्रेडर्स से 800 रु. का माल वापस आया।

नवं. 18 राहुल ट्रेडर्स ने आदेशानुसार माल न होने के कारण 1200 रु. मूल्य का माल वापस किया।

नवं. 28 सुशील ट्रेडर्स से 1000रु. का माल वापस किया।

प्र. 20- रोकड़ बही के अनुसार शेष 7800 रु. है। रोकड़ बही व पास बुक की तुलना करने पर निम्न विचलन पाए गये -

1) चेक जो जमा किये गये परन्तु संग्रहित नहीं हुए - 13000
2) निर्गमित चेक जिन्हें प्रस्तुत नहीं किया गया - 1500
3) बैंक द्वारा बीमे की किस्त का भुगतान - 2000
4) बैंक द्वारा ब्याज किया गया - 400
5) बैंक शुल्क - 100
6) ग्राहक द्वारा खाते में सीधा भुगतान - 4000

प्र. 21- निम्नलिखित व्यवहारों से क्रय खाता बनाइये -

2018		
जन. 01	सोहन से माल खरीदा	- 5000
जन. 08	नकद माल खरीदा	- 300
जन. 15	घर खर्च के लिए माल निकाला	- 200
जन. 25	नकद माल खरीदा	- 1000

प्र. 22- निम्न शेषों से तलपट तैयार कीजिए -

पूंजी 20,800, अदत्त किराया 1420, परम को देय 15000, आहरण 2800, ख्याति 12000, ब्याज प्राप्त हुआ 2000, बट्टा प्राप्त हुआ 1580, दीपन से देय राशि 26000

प्र. 23- निम्न व्यवहारों के लेखे ज़र्नल में कीजिए -

2015		
अक्टू. 01	व्यापार आरंभ किया	- 12000
अक्टू. 02	नकद माल खरीदा	- 5000
अक्टू. 06	माल नकद बेचा	- 500
अक्टू. 10	वेतन दिया	- 350
अक्टू. 15	किराया दिया	- 250

प्र. 24- निम्नांकित व्यवहारों से द्वि स्तम्भीय रोकड़ बही तैयार कीजिए -

2018		
जन. 01	रोकड़ शेष	- 1635
	बैंक अधिविकर्ष	- 375
जन. 03	मनोज को चेक दिया	- 250
जन. 04	नकद बिक्री	- 120
जन. 05	बैंक से निकाले	- 280
जन. 10	राम से चेक मिला व बैंक भेजा	- 180

प्र. 25- साधारण रोकड़ बही में दर्ज कीजिए -

2016		
दिस. 01	हस्तस्थ रोकड़	- 12000
दिस. 05	भानु से नगद प्राप्त	- 4000
दिस. 07	किराया चुकाया	- 2000
दिस. 10	मुरारी से नगद माल खरीदा	- 6000
दिस. 15	नगद माल बेचा	- 9000
दिस. 18	स्टेशनरी का क्रय	- 300
दिस. 22	राहुल का हिसाब चुकता किया	- 2000
दिस. 28	वेतन चुकाया	- 1000
दिस. 30	किराया चुकाया	- 500

प्र. 26- शर्मा ब्रदर्स द्वारा निम्न तलपट तैयार किया गया है -

सही तलपट तैयार कीजिए -

खातों का नाम	विकलन शेष	समाकलन शेष
पूंजी	-	1556
आहरण	564	-
यंत्र	741	-
विक्रय	-	2756
ग्राहकों से प्राप्त	-	530
क्रय	1268	-
क्रय वापसी	264	-
लेनदार	-	250
बैंक से ऋण	528	-
कार्यालय व्यय	784	-
बैंक में रोकड़	142	-
देय बिल	100	-
वेतन	598	-
प्रा. रहतिया	-	264
किराया	465	-
विक्रय वापसी	-	98
	5454	5454